लोक सभा अध्यक्ष ने गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

इंदौर, 22 नवम्बर, 2018 : लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने गुरु नानक देवजी की जयंती के पावन अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं । अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहाः

" गुरु नानकजी ने अपनी आध्यात्मिकता और अपने उपदेशों से विश्व को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित किया और ईश्वर के एक होने का शाश्वत संदेश दिया है। हम सबके बीच अपनी दिव्य उपस्थिति से गुरुजी ने ऐसे न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज की स्थापना के लिए अथक प्रयास किया जिसमें सभी मनुष्य समान रूप से भागीदार हैं। आज भी उनका प्रेरणादायी जीवन और उपदेश हम सबके लिए भाईचारे, सौहार्द और शांति का संदेश देते हैं। मुझे आशा है कि इस वर्ष गुरुजी की जयन्ती मानवजाति के कल्याण के लिए कार्य करने के हमारे संकल्प को और अधिक शक्ति प्रदान करेगी।"